# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510








संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143


## ज्योतिष मठ संस्थान पहुंचे जादूगर ओपी शर्मा

**संतोष योगी की खबर 9993268143**



भोपाल विश्व प्रसिद्ध जादूगर ओपी शर्मा नेहरू नगर स्थित ज्योतिष मठ संस्थान पहुंचे। वहां पर उन्होंने पूजन अर्चना कर गुरु गादी का आशीर्वाद प्राप्त किया संस्थान के संचालक ज्योत्सचार पंडित विनोद गौतम एवं संस्थान के पदाधिकारीगणो द्वारा स्वागत सम्मान किया गया । इस अवसर पर प्रसिद्ध जादूगर श्री ओपी शर्मा ने कहा की जादू सिर्फ मनोरंजन के लिए है लेकिन कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर ब्रह्म भृमजाल पैदा करते हैं यह स्वस्थ मनोरंजन है । हमें भी आध्यात्मिक शक्ति की आवश्यकता होती है इस अवसर पर संस्थान के संचालक पंडित विनोद गौतम ने बताया की जादू और ज्योतिष भ्रम को दूर करता है ज्योतिष के माध्यम से लोग अपने जीवन में खुशियां प्राप्त कर सकते हैं एवं आने वाले दुखों से मुक्ति पा सकते हैं लेकिन कुछ ज्योतिषियों द्वारा इसे व्यापार बना दिया है और लोगों के दिलों में डर बनाकर रत्न का व्यापार कर रहे हैं इस प्रकार से ज्योतिष से आम जनता का विश्वास उठता जा रहा है यह ज्योतिष में घुन की तरह लग गया है इसे दूर कर स्वच्छ ज्योतिष शास्त्र अपनाना चाहिए रत्न के फेर से बचना चाहिए तथा अध्यात्म का सहारा लेना चाहिए सभी लोग अध्यात्म से अपना करियर बनाते हैं वर्तमान समय पर जादूगर ओपी शर्मा जी का शो भारत टॉकीज भोपाल में चल रहा है

## मध्यप्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता प्रहलाद दास बैरागी को अखिल भारतीय किसान सभा की सर्वोच्च कमेटी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से निर्वाचित किया

**संतोष योगी की खबर 9993268143**




भोपाल हेडलाइन नागापट्टीनम तमिलनाडु में चल रहे अखिल भारतीय किसान सभा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चुनाव किया गया जिसमें मध्यप्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता प्रहलाद दास बैरागी को अखिल भारतीय किसान सभा की सर्वोच्च कमेटी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया, पूरे देश के कोने कोने से आए 1137 डेलीगेट्स द्वारा 94 सदस्यों की कार्यकारिणी जो देश के सबसे पुराने संगठन जिसके संस्थापक स्वामी सहजानंद सरस्वती जी ने 1936 में स्थापना की थी और आजादी की लड़ाई में लम्बे समय तक जेल में रहे, स्वामीनाथन आयोग के भारत के किसानों की तरफ एकमात्र सदस्य रहे हमारे पूर्व राष्ट्रीय महासचिव का अतुल कुमार अनजान थे आयोग 70 प्रतिशत नियम अनजान जी द्वारा लिखी है, दुनिया का एतिहासिक किसान आन्दोलन जिसमें 780 किसान शहिद हुए थे दिल्ली आन्दोलन मैं का बैरागी की अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले महत्वपूर्ण भूमिका रही है

## बैठक संपन्न हुई



भोपाल हेडलाइन मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में बाबा साहब जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, उपरोक्त जानकारी देते हुए हैं प्रदेश अध्यक्ष एवं संयुक्त मोर्चा के सदस्य ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि जिसमें मंडी बोर्ड के अपर संचालक आदरणीय श्री आर आर अहिरवारजी, संयुक्त संचालक सुश्री संगीता ढोके जी, उपसंचालक श्री प्रवीण वर्मा जी, श्रीमति रश्मि कश्यप जी, मंडी बोर्ड कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संयोजक आदरणीय श्री बी बी फौजदार जी, अजाक्स प्रदेश महा सचिव श्री गौतम पाटिल जी, जिलाध्यक्ष आदरणीय श्रीबंशीलाल धनबालजी, मंडी बोर्ड अजाक्स शाखा अध्यक्ष श्री नैन सिंह सोलंकी जी, मंडी कर्मचारी संघ अध्यक्ष श्री अंगिरा पांडे जी, श्री दीपक गुप्ता जी, कार्यपालन यंत्री, श्री योगेश नागलेजी, सहायक संचालक, श्रीमति सोना जायसवाल जी, सहायक संचालक, श्री जे के अहिरवार कोषाध्यक्ष, अजाक्स, श्री सुभाष गजभिये जी एवं मंडी बोर्ड के बड़ी संख्या अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित हुये। अतिथियों द्वारा बाबा साहब जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं मोमबत्ती प्रज्योलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अपने प्रबोधन में बाबा साहब के द्वारा पूरे जीवन भारत की जनता के लिये निस्वार्थ भाव से किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रमोद गजभिए द्वारा किया गया। आभार श्री नैनसिंह जी अध्यक्ष द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम व्यवस्था प्रमोद गजभिये, कैलाश अहिरवार, जसपाल बमनेले, श्रीमति सविता पटेल, श्रीमती कमला मुबेल आदि।

## ऑनलाइन यात्रा पंजीयन की स्थिति स्पष्ट न होने से अमरनाथ यात्री परेशान -रिंकू भटेजा

**संतोष योगी की 9993268143**



भोपाल हेडलाइन ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजि भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि जिन यात्रियों ने दिनांक 14 अप्रैल 2025 की सुबह 10 ञ्20 से शाम 6ञ्30 के बीच अमरनाथ यात्रा के ऑनलाइन पंजीयन कराए हैं वह काफी परेशान हैं क्योंकि पंजीयन कराने के बाद कुछ यात्रियों का ओटीपी वेरिफाई नहीं हुआ हैं , बेब साइट में एरर आने के बावजूद सीटें कम होती गई, जिससे अन्य यात्री अपना यात्रा पंजीयन नहीं कर सके थे । जिन यात्रियों ने पंजीयन कराए थे उनके आवेदन की स्थिति स्पष्ट ना होने से यात्री परेशान है। रिंकू भटेजा ने आगे बताया मंडल ने अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल श्री मनोज सिंहा जी से अनुरोध किया है कि ऑनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी सुधार कराएं ताकि जिन यात्रियों ने पंजीयन शुरू होने के पहले दिन ही अपने पंजीयन कराए हैं उनके आवेदन की स्थिति स्पष्ट हो जाए।

## टाले एवं नागर वने राष्ट्रीय पदाधिकारी

**संतोष योगी की खबर 9993268143**




भोपाल हेडलाइन भारतीय मजदूर संघ कार्यालय ठेंगड़ी भवन भोपाल में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री श्री कुलदीप सिंह गुर्जर एवं जिला भारतीय मजदूर संघ भोपाल ने राम विलास टाले गुर्जर , रमेश नागर को अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत,अभिनंदन किया।

विगत दिनों अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के 12, 13 अप्रैल 2025 रायपुर में 18 वे त्रैवार्षिक विद्युत के राष्टीय अधिवेशन में भोपाल से 3 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिनमें आर बी टाले राष्टीय मंत्री , रमेश नागर एवं अशोक शुक्ला राष्टीय कार्य समिति सदस्य बनाए गए। श्री रमेश नागर ने बताया कि विद्युत के राष्टीय अधिवेशन में 21 प्रांतों के (प्रदेशों )के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिन्होंने दो दिनों तक भारतीय मजदूर संघ की रीत नीति अनुसार विद्युत के क्षेत्र में राष्ट हित,उद्योग हित ओर श्रमिकों हितों पर समग्र मंथन कर 5 प्रस्ताव पारित कर, केंद्र सरकार से मांग कि

1) एक राष्ट एक ग्रिड की तर्ज पर कामगारों के लिए एक समान सेवा नियम लागू करें ।

2)विद्युत उद्योग के लिए औद्योगिक त्रिपक्षीय समिति का गठन करें।

3)बिजली उद्योग में निजीकरण पर रोक लगे।

4) विद्युत उद्योग में ठेका प्रथा की समाप्ति हो।

5)बिजली उद्योग में आउटसोर्स श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

इस अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री ओर विद्युत के प्रभारी श्री राधे श्याम जयसवाल जी ने 3 वर्ष के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें श्री मधुसूदन जोशी अध्यक्ष राजस्थान,श्री राज मुरुगन महामंत्री तमिलनाडु, साथ में सभी प्रदेशों के प्रतिनिधियों की कार्यकारणी का गठन किया। अधिवेश के उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव सहाय जी एवं भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय महामंत्री श्रीमान रविंद्र हिम्ते महाराष्ट ,मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री सुनील किरवई जी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ श्री कुलदीप सिंह गुर्जर जी ने बताया कि 18 से 20 अप्रैल 2025 तक 3 दिवसीय भारतीय मजदूर संघ का युवा अभ्यास वर्ग का ठेंगड़ी भवन भोपाल में आयोजन किया गया है जिसमें भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सभी संगठनों के युवा प्रतिनिधियों बंधु भगिनियों को सम्मिलित होने का आवन किया उन्होंने बताया कि इस अभ्यास वर्ग में भारतीय मजदूर संघ की रीत नीति कार्य पद्धति से अवगत कराया जाएगा।

## क्वार्टर फाइनल हुआ रतलाम एवं विदिशा के बीच

**संतोष योगी की खबर 9993268143**



भोपाल हेडलाइन लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभागीय खेल एवं सांस्कृतिक समिति एम वी एम ग्राउंड पर खेली जा रही प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आज रतलाम खंड और विदिशा खंड के बीच तीसरा क्रार्टर फाइनल हुआ इसमें रतलाम खंड की टीम ने पहले खेलते हुए 11 ओवर में 6 विकेट पर 157 रन बनाए जवाब नहीं विदिशा की 9.1 ओवर में 31 रन बनाकर ऑल आउटहो गई श्रेया शुक्ला को मैन ऑफ द मैच में चुना गया चोथा क्रार्टर फाइनल बैतूल खंड और मुख्य अभियंता भोपाल क्षेत्र के बीच खेला गया


## वार्ड 46 में विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय ने किया अमृत 2.0 योजना कार्य का कार्यारंभ

**संतोष योगी की खबर 9993268143**




भोपाल हेडलाइन दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 46 में अमृत 2.0 योजना कार्य का कार्यारंभ क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री सबनानी ने कहा कि हमारा शहर झीलों की नगरी के रूप में विख्यात है, और इसके सौंदर्य को बनाए रखने की जवाबदारी भी हमारी ही है, इसी कड़ी मे हम आज 10 लाख लीटर क्षमता का जल-मल शोधन संयंत्र बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, यह संयंत्र निर्मित होना जाने के पश्चात इस तालाब के पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा यह कार्य भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना अमृत 2.0 के द्वारा किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा निरंतर हमारे शहर के विकास के लिए कार्य किये जा रहे हैं जीआईएस समिट के द्वारा भी हमारे क्षेत्र को कई उपलब्धियां मिली है और आगे भी कई बड़ी योजनाओं के द्वारा हमारे विधानसभा की खूबसूरती के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार होगा। महापौर मालती राय ने कहा कि इस संयंत्र के निर्माण में लगभग 2 करोड रुपए की राशि का व्यय होगा, यह जल-मल शोधन संयंत्र नवीन टेक्नोलॉजी एसवीआर तकनीक पर आधारित है। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य आरके सिंह बघेल जोन अध्यक्ष एवं पार्षद बृजुला सचान जोन अध्यक्ष एवं पार्षद आरती राजू अनेजा पार्षद गिरजा राजेश खटीक मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय वरिष्ठ नेता महेश जोशी वरिष्ठ नेत्री आशा पारोचे तुलसीराम रजक रामसागर यादव हरिओम गिरी शिवा चौहान मनजीत कौर सीमा शर्मा तरुणा चौहान उपेंद्र गिरी रीता चौहान नवीन रजक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## पैनासोनिक ने पश्चिम भारत में एसी की नई रेंज लॉन्च की, 55 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान



भोपाल, हेडलाइन एयर कंडीशनर निर्माण में 65 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता रखने वाली प्रमुख टेक?नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने आज पश्चिम भारत में अपने वर्ष 2025 के एसी मॉडल्स की नई रेंज लॉन्च की। पश्चिम भारत में भोपाल कंपनी के लिए महत?वपूर्ण बाजार बना हुआ है। कंपनी की यह रेजिडेंशियल एयर कंडीशनर (आरएसी) श्रृंखला स्मार्ट लिविंग को नये अंदाज़ में परिभाषित करने के साथ-साथ चिलचिलाती गर्मी के दौरान 55 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान का सामना करने की क्षमता रखती है। नई रेंज में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के 61 मॉडल शामिल हैं, जो अब देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक के ऑनलाइन ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध हैं। इन एयर कंडीशनरों को कंपनी के आईओटी सक्षम मिराई प्लेटफॉर्म से नियंत्रित किया जा सकता है। इसमें स्लीप प्रोफाइल जैसी एक अनूठी सुविधा दी गई है, जो रात के समय कमरे के तापमान को स्वचालित रूप से समायोजित कर उपभोक्ताओं को बेहतर नींद में सहायक बनती है। पैनासोनिक एयर कंडीशनर ग्रुप के बिजनेस हेड श्री अभिषेक वर्मा ने बताया, ''भारत में एसी की पहुंच अभी मात्र 7-8 प्रतिशत है, लेकिन वर्ष 2023 से 2029 के बीच इस क्षेत्र में लगभग 16.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर की संभावना है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान कंपनी के ष्ट बिज़नेस ने इंडस्ट्री औसत से अधिक, लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और भोपाल का इसमें अहम योगदान रहा है। कैलेंडर वर्ष '24 में एसी बाजार हिस्सेदारी में पश्चिम भारत का योगदान लगभग 24त्न है और भोपाल हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। स्मार्ट, ऊर्जा-कुशल, इन्वर्टर एसी की मजबूत मांग के कारण, हमें कैलेंडर वर्ष '25 में पश्चिम भारत में 45त्न की वृद्धि होने की उम्?मीद है।'' श्री वर्मा ने आगे कहा, ''ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए और उनके जीवन को अधिक सुविधाजनक एवं आरामदायक बनाने के लिए, हमने 61 नए आरएसी मॉडल्स पेश किए हैं। यह इंडस्?ट्री में स्मार्ट आरएसी की सबसे बड़ी रेंज में से एक है। ये मॉडल्स स्मार्ट तकनीक से लैस हैं, जिनमें मैटर, मिराई, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नैनोई एयर प्यूरीफिकेशन टेक?नोलॉजी जैसी खूबियां हैं। इनमें वन टच सर्विस, 7-इन-1 कन्वर्टिबल, बेहतर एयरफ्लो और इकोटफ आउटडोर यूनिट भी शामिल हैं। 2025 लाइन-अप में, हमने अब मिराई प्लेटफॉर्म द्वारा पावर्ड 3-स्टार इन्वर्टर आरएसी में मैटर तकनीक को जोड़ा है, जिससे ग्राहकों को स्मार्ट होम का बेहतर अनुभव मिलेगा। यह न केवल सुविधा बढ़ाता है, बल्कि ग्राहकों के लिए एसी खरीदने का खर्च भी कम करता है।'' पैनासोनिक की नई एसी रेंज को एक व्यापक 360-डिग्री मार्केटिंग अभियान के तहत लॉन्च किया जा रहा है, जिसमें एक नया टीवी विज्ञापन भी शामिल है।

## Amazon.in ने भोपाल सहित मध्य प्रदेश में होम, किचन और आउटडोर्स बिज़नेस में जबरदस्त वृद्धि की

**भोपाल हेडलाइन**




भोपालः Amazon.in ने क्क्1'25 में भोपाल और मध्य प्रदेश में होम, किचन और आउटडोर्स बिज़नेस में 20त्न की सालाना वृद्धि दर्ज की है। यह बढ़ोतरी स्मार्ट होम डिवाइसेज़, फिटनेस और सुरक्षा से जुड़े प्रोडक्ट्स, किचन अप्लायंसेज़, डीआईवाई टूल्स, ऑटोमोटिव एसेसरीज़ और गार्डनिंग उपकरणों की बढ़ती मांग के कारण देखने को मिली। प्लेटफॉर्म पर नए ग्राहकों की संख्या में भी 10त्न की वृद्धि दर्ज की गई। एक दिलचस्प ट्रेंड यह रहा कि कैंपिंग से जुड़े उत्पादों की मांग में जबरदस्त उछाल आया, मध्य प्रदेश में इस श्रेणी में 80त्न और भोपाल में 145त्न की सालाना वृद्धि हुई। टेंट की बिक्री में 570त्न की सालाना बढ़त देखी गई। इसके साथ ही आईपीएल सीजन की वजह से क्रिकेट से जुड़े सामानों की मांग में भी तेजी आई और शहर में इनकी बिक्री में 40त्न से अधिक की सालाना वृद्धि हुई। अमेजन प्राइम सदस्य अब 10,000 रुपये या उससे अधिक की होम और किचन अप्लायंसेज़ की खरीदारी पर 1,200 रुपये तक की छूट और 1,000 रुपये से अधिक की किचन आवश्यक वस्तुओं पर 150 रुपये की सीधी छूट का लाभ उठा सकते हैं।